कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान, जयपुर

कमांक : एफ.5( )2022/अदेपु/विकास/प्रमुवसं/ 4373-79 दिनांक : 26/05/2023

निमित्त,

संभागीय मुख्य वन संरक्षक,
(समस्त राजस्थान)

विषय :— अमृता देवी स्मृति पुरस्कार वर्ष 2022.

महोदय,

आपको विदित है कि श्रीमति अमृता देवी के नेतृत्व में करीब 300 साल पूर्व ग्राम खेजडली में 363 स्त्री पुरूषों द्वारा अपना बलिदान देकर वृक्षों की रक्षा करने की घटना को अविस्मरणीय रखने हेतु एवं इस बलिदान की प्रणेता श्रीमति अमृता देवी विश्नोई की स्मृति में वनों एवं वन्य जीवों के संरक्षण एवं विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली वन सुरक्षा एवं प्रबन्ध समिति/पंचायत/ग्राम स्तरीय संस्थायें/व्यक्तियों के लिए राज्य स्तरीय अमृता देवी स्मृति पुरस्कार निम्नांकित श्रेणियों में दिया जाना है।

क.सं.	श्रेणी	पुरस्कार
1	वन विकास एवं वन्य जीव सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली वन सुरक्षा एवं प्रबन्ध समिति/पंचायत/ग्राम स्तरीय संस्थायें।	रू. 1,00,000 एवं प्रशस्ति पत्र
2	वन विकास, संरक्षण एवं वन सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाला व्यक्ति।	रू. 50,000 एवं प्रशस्ति पत्र
3	वन्य जीव संरक्षण एवं सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाला व्यक्ति।	रू. 50,000 एवं प्रशस्ति पत्र

इस संदर्भ में अमृता देवी स्मृति पुरस्कार वर्ष 2022 हेतु **ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाने है।** ऑफ लाईन आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन करने की विस्तृत जानकारी एवं एवं प्रकिया वन विभाग की वेब साईट (http://forest.rajasthan.gov.in) पर उपलब्ध है।

आवेदन उपरोक्त वेब साईट पर https://sso.rajasthan.gov.in/signin > Forest and wildlife > Citizen Service > Amrita Devi Award >Apply for Amrita Devi Award पर प्रस्तुत करने की समय सारणी निम्न प्रकार है :—

Signature valid
Digitally signed by Amar Singh Gothwal
Designation : Chief Conservator Of Forest
Date: 2023.05.26 12:14:51 IST
Reason: Approved

क.सं.	विवरण	दिनांक
1	ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि	30.06.2023
2	उप वन संरक्षकणों द्वारा जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन	25.07.2023

RajKaj Ref No. : 3897330

घर-घर औषधि योजना

	उपरान्त संभागीय मुख्य वन संरक्षक को अग्रेषित करने की अन्तिम तिथि	
3	संभागीय मुख्य वन संरक्षकगणों द्वारा मुख्यालय को अग्रेषित करने की अन्तिम तिथि	31.7.2023

जिला स्तर पर इन प्रस्तावों के चयन हेतु राज्य सरकार द्वारा जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है। जिसमें उप वन संरक्षक (प्रा.) को सदस्य सचिव बनाया गया है। अतः आप दिनांक 30.06.2023 तक प्रत्येक उप वन संरक्षक से अपने क्षेत्र में वन सुरक्षा, वन विकास एवं वन्य जीव संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति/वन सुरक्षा एवं प्रबन्ध समिति/पंचायत/ग्राम स्तरीय संस्थाओं से ऑनलाईन आवेदन करवाना सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय समिति से इन प्रस्तावों को अनुमोदन करवा कर आपके माध्यम से इस कार्यालय को दिनांक 31.07.2023 तक भिजवाना सुनिश्चित करें। आप जिला स्तर पर जिला जनसम्पर्क अधिकारी के माध्यम से प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रोनिक मिडिया में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करावें एवं योजना की पूर्ण सफलता में अपना व्यक्तिगत सहयोग प्रदान करें।

भवदीय,

(अमर सिंह गोठवाल)
मुख्य वन संरक्षक,
(आयो0) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ.5( )2022/अदेपु/विकास/प्रमुवसं/ 4380-4450 दिनांक : 26/05/2023

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कार्य आयोजना एवं वन बन्दोबस्त, राज0 जयपुर।
2. अति.प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, राज0 जयपुर।
3. समस्त अति0 प्रधान मुख्य वन संरक्षकगण, राज0 जयपुर।
4. समस्त वन संरक्षक, (राजस्थान)
5. समस्त उप वन संरक्षक (राजस्थान) को प्रेषित कर लेख है कि वे प्राप्त प्रस्तावों की अपने स्तर पर पूर्ण समीक्षा करें तथा जिला स्तरीय कमेटी से अनुमोदन उपरांत ही अपनी टिप्पणी जिससे की अभिशंषा किये जाने का कारण स्पष्ट होता हो, के साथ निर्धारित तिथि 31.7.2023 तक ऑन लाईन संभागीय मुख्य वन संरक्षक के माध्यम से इस कार्यालय को पहुंचाना सुनिश्चित करें।
6. उप वन संरक्षक, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, राजस्थान, जयपुर।

(अमर सिंह गोठवाल)
मुख्य वन संरक्षक,
(आयो0) राजस्थान, जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Amar Singh Gothwal
Designation : Chief Conservator Of Forest
Date: 2023.05.26 12:14:51 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3897330